प्रेषक,

सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उ0प्र0 प्रयागराज।

सेवा में,

1. समस्त प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उ0प्र0।
2. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उ0प्र0

पत्रांक : गोप0 / डी0एल0एड0–18 / 9696–939 / 2019–20 दिनांकः 7 अगस्त, 2019

विषय : **दिनांक 14.08.2019, 16.08.2019 एवं 17.08.2019 तक आयोजित होने वाली डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2017 के द्वितीय सेमेस्टर के आंशिक एवं डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2018 के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा का प्रश्न पत्र प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश सं0 1653 / 68–4–2018–2067 / 2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग–4, दिनांक 23.10.2018 द्वारा डी0एल0एड0 प्रशिक्षण की परीक्षा को शुचितापूर्व सम्पादित कराये जाने हेतु दिशा निर्देश प्रेषित किये गये हैं।

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2017 के द्वितीय सेमेस्टर के आंशिक एवं डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2018 द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा **दिनांक 14.08.2019, 16.08.2019 एवं 17.08.2019 को** प्रदेश के जनपदों के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित समय–सारिणी **(परीक्षा कार्यक्रम संलग्न)** के अनुसार आयोजित की जानी है।

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2017 एवं प्रशिक्षण 2018 के द्वितीय सेमेस्टर के प्रश्न पत्र **दिनांक 09.08.2019 से 11.08.2019** के मध्य जनपद के ट्रेजरी के डबल लॉक में रखे जाने हेतु किसी भी समय उपलब्ध कराये जाएगें। शासनादेश दिनांक 23.10.2018 के बिन्दु सं0 2 में दिये गये निर्देशानुसार परीक्षा के प्रश्न पत्रों को एजेंसी से प्राप्त कर ट्रेजरी के डबल लॉक में सुरक्षित रखे जाने का दायित्व सम्बन्धित जनपद के प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा जिला विद्यालय निरीक्षक का संयुक्त रूप से है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में डी0एल0एड0 2017 एवं 2018 की उक्त परीक्षा आयोजित कराये जाने वाले सम्बन्धित जनपदों की सूची संलग्न करते हुए आपको निर्देशित किया जाता है **दिनांक 09.08.2019 से 11.08.2019 के मध्य** एजेन्सी द्वारा प्राप्त कराये जाने वाले प्रश्न पत्र को प्राप्त कर ट्रेजरी के डबल लॉक में सुरक्षित रखे जाने की समुचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

भवदीय

7.8.19

संलग्नक : शासनादेश 23.10.2018 की प्रति एवं परीक्षा कार्यक्रम।

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृ0सं0 / गोप0 / डी0एल0एड0–18 / 9696–939 / 2019–20 तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित –

1. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–4, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. शिक्षा निदेशक माध्यमिक / बेसिक, उ0प्र0 लखनऊ।
3. निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
4. समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उ0प्र0।
5. समस्त कोषाधिकारी, उ0प्र0।

7.8.19

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

कार्यालय–परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

परीक्षा कार्याक्रम

(द्वितीय सेमेस्टर)

बी0टी0सी0 प्रशिक्षण–2013, सेवारत् मृ0आ0 / उर्दू, बी0टी0सी0–2014 एवं बी0टी0सी0–2015 एवं डी0एल0एड0 प्रशिक्षण–2017 (अवशेष / अनुत्तीर्ण) तथा डी0एल0एड0 प्रशिक्षण–2018 द्वितीय सेमेस्टर

परीक्षा वर्ष–2019

प्रश्नपत्र	विषय	दिनांक	समय
प्रथम प्रश्न पत्र	वर्तमान भारतीय समाज एवं प्रारम्भिक शिक्षा	14.08.2019	10.00 बजे से 12.00 बजे तक
द्वितीय प्रश्न पत्र	प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास	14.08.2019	2.00 बजे से 4.00 बजे तक
तृतीय प्रश्न पत्र	विज्ञान	16.08.2019	10.00 बजे से 11.00 बजे तक
चतुर्थ प्रश्न पत्र	गणित	16.08.2019	12.00 बजे से 1.00 बजे तक
पंचम प्रश्न पत्र	सामाजिक अध्ययन	16.08.2019	2.00 बजे से 4.00 बजे तक
षष्टम प्रश्न पत्र	हिन्दी	17.08.2019	10.00 बजे से 11.00 बजे तक
सप्तम् प्रश्न पत्र	अंग्रेजी	17.08.2019	12.00 बजे से 01.00 बजे तक

1.8.19

सचिव

परीक्षा नियामक प्राधिकारी,

उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।